निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।
हिमाचल प्रदेश में स्थित राजकीय/ निजी औ०प्र०संस्थानों में दाखिला सत्र 2024-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के परिणामस्वरूप तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र **2024-2025** के लिए एस०सी०वी०टी० एवं एन०सी०वी०टी० के अंतर्गत चल रहे व्यवसायों में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु संस्थान स्तर पर दिनांक **21-10-2024 से 30-10-2024** तक **(केवल कार्यदिवसों में)** स्पॉट राउंड करवाया जा रहा है। **स्पॉट राउंड में केवल ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। इसलिए जो अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं वे अपना पंजीकरण ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर कर सकते हैं । पंजीकृत अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल से अपने Application Form का प्रिंट निकालना सुनिश्चित करें।**

ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु संस्थान स्तर पर व्यक्तिगत रूप से Application Form, Documents तथा Photo Identity Proof सहित पहुंचना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों से संस्थान स्तर पर पूर्व निर्धारित नियमों के अंतर्गत प्रवेश हेतु उनके Application Form दैनिक आधार पर प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक लिए जाएंगे, तत्पश्चात मैरिट लिस्ट बनाई जाएगी एवं मैरिट अनुसार रिक्त सीटों हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पिछले दिन तैयार की गई मैरिट लिस्ट मान्य नहीं होगी। प्रवेश मिलने की स्थिति में निर्धारित सभी प्रकार के Fee & Funds उसी समय जमा करवाने होंगे। रिक्त सीटों के बारे में सम्बन्धित संस्थान से व्यक्तिगत रूप से या दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

xxx
निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर